नैनो तकनीक पर सेमिनार, कार्तिक उराँव के नाम पर "चेयर" की स्थापना

राँची:आज "कार्तिक उराँव चेयर फॉर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी" द्वारा NanoScience and Nanotechnology (नैनो विज्ञान एवं नैनो तकनीक) विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। मुझे याद है कि 29 अक्टूबर २०१२ को कार्तिक उराँव जी की जयंती के अवसर पर मैं उनके पैतृक गाँव लीटाटोली, गुमला गया था। मैंने वहाँ आयोजित कार्यक्रम में राँची विश्वविद्यालय को झारखंड के सपूत स्व० कार्तिक उराँव जी के नाम पर "चेयर" की स्थापना करने का निर्देश दिया था। मुझे खुशी है कि राँची विश्वविद्यालय परिवार द्वारा इस काम को अमलीजामा पहना दिया गया है।जन जाति समाज से आनेवाले स्व० कार्तिक उराँव जी हमेशा समाज व राष्ट्र की तरक्की की सोचते थे। मुझे यहाँ शायद बताने की जरूरत नहीं है कि वे एक महान शिक्षाविद्, कुशल अभियंता, दूरअंदेश (विज़नरी) नेता व समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे, जिनसे वे सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। गर्व की बात है कि स्व० कार्तिक उराँव जी हमारे झारखण्ड की इस मिट्टी से पैदा हुए।एक इंजीनियर होने के कारण वे आर्थिक एवं सामाजिक विकास में शिक्षा के महत्व से भलीभांति परिचित थे। वैज्ञानिक तेवर के साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के कारण उन्होंने जीवन पर्यंत सामाजिक बुराईयों तथा समाज में व्याप्त अन्य सामाजिक रूढ़िवादी परंपराओं को खत्म करने हेतु कार्य किया। "कार्तिक उराँव चेयर फॉर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी" द्वारा सेमिनार का विषय NanoScience and Nanotechnology (नैनो विज्ञान एवं नैनो तकनीक) रखा गया है। मैं मानता हूँ कि स्व० उराँव जी एक कुशल अभियंता थे एवं जो बाद में राजनीतिज्ञ भी बने, ने अपने काम व कौशल से देश ही नहीं विदेश में भी शोहरत हासिल की। उनके प्रति सच्ची अकीदत प्रकट करने हेतु राँची विश्व विद्यालय द्वारा उठाया गया यह कदम, उनके योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पिछले कुछ दशकों से Science and Technology से संबंधित तकनीकी के क्षेत्र में NanoScience and Nanotechnology (नैनो साइंस एवं नैनो टेक्नोलॉजी) ने अहमियत दर्ज कराई है। हमारे वैज्ञानिकगण इसके लिए बधाई के पात्र हैं। सभी को पहले के ट्रांजिस्टर/रेडियो की सहज याद होगी, आकार बड़े थे और अभी के साइज देखें। उसी प्रकार पिछले दिनों तीस साल पहले के कम्प्यूटर/टी.वी. बड़े आकार के होते थे। आज हम स्लीम कम्प्यूटर और एल.ई.डी. देखते हैं।मोबाइल भी जब आये थे, तो शुरुआती दौर में बड़े आकार के होते थे, आप पॉकेट में नहीं रख सकते थे। लेकिन आज उसका साइज व वजन काफी कम हो गया है। आज के मोबाइल फोन में (a)pplication भी काफी ज्यादा है। आज टैबलेट या आई-पैड बहुत से लोगों के हाथ में देखते हैं जो कम्प्यूटर और मोबाइल दोनों का काम करता है। ये सब NanoScience and Nanotechnology (नैनो साइंस एवं नैनो टेक्नोलॉजी) का ही कमाल है। नैनो टेक्नोलॉजी के प्रयोग में आनेवाले घटक आकार एवं संरचना में बेहद कम (एक नैनोमीटर एक मीटर का एक सौ करोड़वां भाग) होने के कारण ही यह मुमकिन हो सका है। इससे तैयार विविध उपकरण बाजार में बड़ी संख्या में मौजूद हैं। ऐसी नई तकनीक एवं नये प्रोडक्ट्स को मानव जीवनशैली में अपनाने की आज होड़ सी लगी हुई है। मेडिकल साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा एवं अंतरिक्ष खोज आदि जैसे महत्वपूर्ण आयामों में इस नैनो टेक्नोलॉजी का बहुत ही अहम योगदान है। हमें इस विज्ञान एवं तकनीक का अधिक से अधिक लाभ मिलेगा, ऐसी मेरी उम्मीद है। साथ ही इस तकनीक का इस तरह से इस्तेमाल पर करने पर ध्यान देना होगा कि यह वातावरण को नुकसान न पहुँचाये।

हमारे वैज्ञानिकों ने कई सफलतायें हासिल की हैं, मुल्क को उन पर फख्र है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आनेवाले दिनों में हम और सफलतायें हासिल करेंगे और पूरी दुनिया इस तकनीक से फायदा उठायेगी। इस अवसर पर मैं खास तौर पर कहना चाहूँगा कि हमारे यूनिवर्सिटी में रिसर्च पर और बल दिया जाय। स्टूडेंट्स में नई innovation (इनोवेशन) और invention (इनवेन्शन) के प्रति ललक पैदा हो- इसके लिए माहौल बनाना होगा। इसके लिए कुलपति सहित सभी टीचर्स को ध्यान देना होगा।

हमारे स्टूडेंट्स बहुत ही होनहार हैं, हमारे यहाँ से निकले कई छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी हासिल की है। इसलिए विश्वविद्यालय परिवार उन्हें अपनी संतान समझकर पढ़ायें, यकीनन इससे हमारी यूनिवर्सिटी न केवल देश एक वरन् पूरी दुनिया के अच्छे विश्वविद्यालयों में शुमार किया जा सकेगा।

केन्द्रीय कोयला मंत्री पीयूष गोयल से झारखण्ड के कृषि मंत्री ने दिल्ली में मुलाकात की

राँची:माननीय केन्द्रीय कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल से आज झारखण्ड के कृषि मंत्री श्री योगेन्द्र साव ने आज दिल्ली में उनसे मुलाकात की। बैठक में अध्यक्ष, कोल इंडिया, एस०के० दुबे, अपर सचिव, कोल मंत्रालय, श्री आर० एन० चौबे ,अपर सचिव, ऊर्जा, श्री एन० एन० मिश्रा, निदेशक ऑपरेशन, एन०टी०पी०सी०, श्री अरूप राय चौधरी, अध्यक्ष, एन० टी०पी०सी० उक्त बैठक में उपस्थित थे।बैठक में दोनों मंत्रियों के बीच एन० टी० पी०सी० के अन्तर्गत रैयतों की अर्जित भूमि के विरुद्ध देय मुआवजा राशि में वृद्धि की मांग पर चर्चा की गई जिसमें मुआवजा राशि ₹५ लाख से बढ़ा कर २० लाख प्रति हेक्टेयर करने पर सहमति बनी। वैसे रैयत जो भूमि अर्जन के उपरांत भूमिहीन हो गए हैं अथवा जिनकी भूमि का अर्जन किया गया उनको उचित मुआवजा से आच्छादित किए जाने एवं प्रभावित रैयतों को पुनर्वास नीति के अन्तर्गत पुनर्वासित करने पर भी सहमति बनी। विस्थापित क्षेत्र में विस्थापितों के लिए आवासीय कॉलोनी एवं अस्पताल की निर्माण करने पर विचार किया गया। गैर-मजरूआ भूमि जिसपर संबंधित रैयत का दखल गत १०-२० वर्षों से लगातार कायम है, वैसे रैयतों को भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत करने एवं उचित मुआवजा से आच्छादित करने के लिए मंत्री महोदय की अध्यक्षता में ८ जुलाई २०१४ को बड़कागांव में ग्रामीणों के साथ विशाल बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि दिनांक ११ जुलाई २०१४ को अबुवाली प्रोजेक्ट का वह सरकार उद्घाटन नई दिल्ली से की जाएगी, जिसमें केन्द्रीय कोयला मंत्री,कृषि सह आवास मंत्री, श्री योगेन्द्र साव एवं सी०एम०डी० सी०सी०एल० सहित C.M.D. (C.C.L.) सहित अन्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

ممتابنرجی تاپس پال کو بچانے کی کوشش کر رہی ہیں

मनोहर पुर प्रखण्ड के लिरिल पोसी ग्राम के प्राथमिक विद्यालय मैदान में जनता दरबार आज

चाईबासा:-चाईबासा के उपायुक्त श्री अबूबकर सिद्दीकी ने कहा कि मनोहर पुर प्रखण्ड के लिरिल पोसी ग्राम के प्राथमिक विद्यालय मैदान में जनता दरबार का आयोजन गुरुवार दिनांक ०३ जुलाई २०१४ को किया जायेगा।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कल होने वाले जनता दरबार में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी तकनीकी पदाधिकारी, राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक, जनसेवक, पंचायत सेवक एवं अन्य विभाग से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जनता दरबार में भूमि बन्दोबस्ती, दाखिल-खारिज, वासगीत पर्चा का निष्पादन, अभिधारी खाता पुस्तिका का वितरण, गृहस्थल योजना के तहत भूमि बन्दोबस्ती, एस०ए०आर० मामलों में दखल-देहानी, आदिवासी भूमि वापसी से संबंधित विवाद, छात्र वृत्ति वितरण, साईकिल वितरण, कृषि उपकरण का वितरण, राशन कार्ड वितरण, मैसो परि योजना द्वारा अनुसूचित जातियों को कृषि एवं अन्य उपकरण का वितरण, आंगन बाड़ी केन्द्रों में पोषाहार आपूर्ति, वृद्धा वस्था पेंशन, अन्नपूर्णा योजना, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, एवं आवासीय प्रमाणपत्र, पारिवारिक लाभ योजना, मातृत्व अनुदान योजना एवं अन्य कल्याण कारी कार्यों का निष्पादन किया जायेगा।इसके अलावे पंचायत में कार्यान्वित इंदिरा आवास एवं अन्य विभिन्न विकास /कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित राशि का भुगतान लाभुकों को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मातृत्व अनुदान, वृद्धा वस्था पेंशन एवं पारिवारिक लाभ योजना, इंदिरा आवास, दीनदयाल आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों का चयन कर संबंधित व्यक्तियों को इसका लाभ दिया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि स्वामी विवेका नन्द निःशक्त स्व वलम्बन प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत लाभुकों का चयन एवं राशि वितरण भी किया जायेगा।

उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिया कि वे जनता दरबार में दवाईयों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि ग्रामीणों की स्वास्थ्य जाँच, मलेरिया एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों का ईलाज भी किया जा सके।

पत्रकार शैलेन्द्र सिन्हा को राष्ट्रीय शिखर सम्मान से नवाज़ा गया

दुमका-कमलाकान्त शताब्दी जयंती के अवसर पर विश्व कान्द शौक्षिक ,सांस्कृतिक एवं क्रीडा संस्थान एवं योगमाया मानवोत्थान के संयुक्त बैनर तले जसीडीह में साहित्यकारों,कवियों, कलाकारों और पत्रकारों को राष्ट्रीय शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।पत्रकार शैलेन्द्र सिन्हा को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए विशेष सम्मान दिया गया।सिन्हा दिल्ली स्थित चरखा फीचर से जुड़े हैं,उनके आलेख अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में प्रमुखता से नेशनल मीडिया में प्रकाशित होते रहे हैं।सिन्हा को शिखर सम्मान नवीं मुंबई की डा० तारा सिंह,राजस्थान के जनक सिंह मीणा एवं हिमाचल प्रदेश के कुंवर दिनेश सिंह ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

बंगाली मोहल्ला में 300 फीट पी.सी.सी सड़क का शिलान्यास

राँची :सेन्ट्रल स्ट्रीट बंगाली मोहल्ला में ३०० फीट पी.सी.सी सड़क का आज शिलान्यास राज्य सभा सांसद श्री परिमल नथवाणी के सांसद कोष से आजसू नेता संदीप वर्मा ने किया। लंबे समय से सड़क अपने जीर्णोद्धार का बाट जोह रहा था।

स्थानीय लोगों के अनुसार बरसात आने की वजह से इस सड़क से लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही थी। शिलान्यास के अवसर पर आजसू नेता संदीप वर्मा ने कहा राज्य सभा सांसद श्री परिमल नथवाणी ने काम करने वाले एजेन्सी को जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने एवं कार्य गुणवत्ता को बरकरार रखने का निर्देश दिया है। शिलान्यास के मौके पर आजसू नेता संदीप वर्मा सहित श्री परिमल नथवाणी के कार्यालय से श्रीमती नुसरत जहां, अर्चा गाड़ी, राहुल सिन्हा, मुन्ना साहू, ज्ञान सिन्हा, नकुल तिर्की, परवेज आलम, विवेक सिंह, राहुल सिंह, नीरज चौधरी, अमित यादव, गोपी बोस, रवि चतवाल, संतोष तिर्की उपस्थित थे।

نیوکلیائی مذاکرات شروع ہونے سے قبل ایران کو اپنا موقف واضح کرنا ہوگا: امریکہ

عام آدمی پارٹی کے مہاراشٹر اور ہریانہ میں 70 سیٹوں پر الیکشن لڑنے کا امکان ہے

دہلی میں کانگریس کی انتونی کمیٹی کی میٹنگ جاری

دسویں پاس لڑکیوں کو رحمانی-۳۰ میڈیکل، AIPMT کی مفت تیاری کرائے گا!

12 جولائی 2014 کو بہار، جھارکھنڈ اور مغربی بنگال کے مختلف سینٹروں پر ہوگا داخلہ ٹیسٹ

9 0 9 7/ 7488338261 ، 7542926408/ 167979 ، www.rahmani30.net

اتر پردیش کے 26 اضلاع میں سنکر مکا بیج کی پیداوار کا منصوبہ